# प्रेस नोट जनपद खीरी

दिनाँक 23.11.2023

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## थाना पलिया पुलिस द्वारा, गुमशुदा दो नाबालिग बालिकाओं को 15 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया गया




दिनांक 22-11-2023 को रात्रि 08.30 बजे थाना पलिया पर सूचना प्राप्त हुई कि 02 चचेरी बहने उम्र क्रमशः 15 वर्ष व 06 वर्ष एक साथ बिजौरिया फार्म थाना पलिया क्षेत्र से लापता हो गई हैं। इस सूचना थाना पलिया पर तत्काल मु0अ0सं0 392/23 धारा 363 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। दो नाबालिग बच्चियों के एक साथ गुमशुदा होने का संज्ञान तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद शाहा द्वारा लिया गया एवं प्रभारी निरीक्षक पलिया के नेतृत्व में 03 टीम गठित कर शीघ्र सकुशल बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे।

उक्त निर्देश के क्रम में गठित टीम द्वारा अथक प्रयास करके "ऑपरेशन दृष्टि" के तहत स्थापित किये गये सीसीटीवी कैमरो एवं अन्य सार्थक प्रयासो के द्वारा दोनो नाबालिग बच्चियों को मात्र 15 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया गया है। बच्चियों को उनके परिजनो को सुपुर्द कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। शीघ्र सकुशल बरामदगी होने के कारण पुलिस के प्रति जनता व परिजनो का विश्वास सुदृढ़ हुआ है।

**थाना निघासन पुलिस द्वारा, 02 नफर वारंटियों को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में वांछित/वांरटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी निघासन महोदय के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 23.11.2023 को थाना निघासन पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्तों 1.आरिफ उर्फ छोटे पुत्र मझिले अंसारी निवासी ग्राम लालपुर थाना निघासन खीरी 2.करीमुद्दीन उर्फ डी0डी0 पुत्र कलामुदीन निवासी ग्राम लालपुर थाना निघासन खीरी को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्तों को मा० न्यायालय भेजा गया है।

**गिरफ्तार वारंटियों का विवरण:-**

1.आरिफ उर्फ छोटे पुत्र मझिले अंसारी निवासी ग्राम लालपुर थाना निघासन खीरी
2.करीमुद्दीन उर्फ डी0डी0 पुत्र कलामुदीन निवासी ग्राम लालपुर थाना निघासन खीरी

**गिरफ्तार करने पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 दुर्गेश कुमार शर्मा (चौकी प्रभारी झण्डीराज) थाना निघासन
2.हे0का0 आदेश त्रिवेदी थाना निघासन
3.का0 लवकुश यादव थाना निघासन
4. का0 आलोक कुमार थाना निघासन

# <u>थाना गोला पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त विपिन कुमार पुत्र रामस्वरूप को गिरफ्तार किया गया</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 23.11.2023 को थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 700/2023 धारा 363/366 भादवि में वांछित अभियुक्त विपिन कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मझेडा थाना भीरा जिला खीरी को रसूलपनाह नहर पुलिया से  गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को मा० न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**

1.विपिन कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मझेडा थाना भीरा जिला खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>**

1.उ0नि0 सुशील कुमार तिवारी थाना गोला
2.का0 लक्ष्मीकान्त थाना गोला
3.कां0 आशीष कन्नोजिया थाना गोला

# थाना गोला पुलिस द्वारा, 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 23.11.2023 को थाना गोला पुलिस द्वारा 01 नफर वारन्टी सूरज कुमार पुत्र बाबूराम निवासी लाल्हापुर थाना गोला जनपद खीरी संबंधित मु0न0 850/23 धारा 128 द0प्र0सं0 को ग्राम लाल्हापुर से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को मा॰ न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का विवरण-**

1.सूरज कुमार पुत्र बाबूराम निवासी लाल्हापुर थाना गोला जनपद खीरी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 योगेश कुमार थाना गोला
2.का0 गौरव सिंह थाना गोला
3.का0 शोभित कुमार थाना गोला

**थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर अभियुक्त हनीफ पुत्र जाबिर को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, परिवहन/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 23.11.2023 को थाना ईसानगर पुलिस द्वारा ग्राम रौशनीपुरवा से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 नफर अभियुक्त हनीफ पुत्र जाबिर निवासी ग्राम रौशनीपुरवा मजरा रायपुर थाना ईसानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 474/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

हनीफ पुत्र जाबिर निवासी ग्राम रौशनीपुरवा मजरा रायपुर थाना ईसानगर जनपद खीरी

**बरामदगी विवरण**

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर
01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 विद्यासागर शुक्ला थाना ईसानगर
2.हे0का0 राकेश गौतम थाना ईसानगर
3.का0 भूपेंद्र सिंह थाना ईसानगर

**थाना फरधान पुलिस द्वारा, 01 नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया**




आज दिनांक 23/11/23 को को थाना फरधान को सूचना मिली कि थाना क्षेत्रान्तर्गत एक बालिका उम्र करीब 15 वर्ष कल दिनांक 22/11/23 को शाम 5:00 बजे घर से अपनी मां को दवा लेने के लिए साइकिल से रुकुंदीपुर बाजार गई वहां से वापस घर नहीं आई इस सूचना पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए अभियोग पंजीकृत कर खोजबीन करते हुए उच्च अधिकारी गण को अवगत कराया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में उक्त पीड़िता के बरामदगी हेतु टीम बनाकर तलाश की जा रही थी कि ढसरापुर चौराहे अभियुक्त विशाल पुत्र छोटेलाल निवासी पीरपुर थाना फरधान जिला खीरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपरहृता को सकुशल बरामद कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया एवं पीड़िता को डॉक्टरी परीक्षण एवं अन्य कार्यवाही हेतु रवाना किया गया

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता -**
1-विशाल पुत्र छोटेलाल निवासी पीरपुर थाना फरधान जिला खीरी

**गिरफ्तारी बरामदगी करने वाली टीम -**
1-उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव
2-आरक्षि अतुल कुमार त्रिपाठी
3-महिला आरक्षी आराधिका

## थाना भीरा पुलिस द्वारा, अवैध चाकू बरामद कर अभियुक्त अनुप कुमार पुत्र राम नरेश को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त अनुप कुमार पुत्र राम नरेश निवासी भवानिपुर थाना भीरा जनपद खीरी को 01 अदद अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना भीरा पर मु0अ0सं0 577/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना धौरहरा पुलिस द्वारा, जुआं खेलते हुए 07 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 7,000 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना धौरहरा पुलिस द्वारा जुआं खेलते हुए 07 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 7,000 रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जसके संबंध में थाना धौरहरा पर मु0अ0सं0 762/23 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 342 लीटर अवैध शराब बरामद कर 23 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **342 लीटर अवैध कच्ची शराब व 04 शराब भट्टी** बरामद कर **23 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **23 अभियोग** पंजीकृत किए गए।